झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची अन्तर्गत राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय, नामकुम, राँची हेतु औषधि निरीक्षक सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2025) के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक–28.01.2026 को औषधि निरीक्षक सीधी नियुक्ति परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–12/2025 की कंडिका–5 में वर्णित अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता के संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची से प्राप्त मन्तव्य के आलोक में वैसे अभ्यर्थी, जिन्होंने Doctor of Pharmacy (Pharm.D) की डिग्री प्राप्त की हो, इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

2. तद्नुसार दिनांक–28.01.2026 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–12/2025 के विरूद्ध ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–18.02.2026 तक Doctor of Pharmacy (Pharm.D) की डिग्री धारित करने वाले अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन पोर्टल पुनः खोला जा रहा है। आवेदन भरने से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की विवरणी निम्नवत् है :–

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–30.04.2026 से दिनांक–15.05.2026 तक
ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–15.05.2026 समय–5:00 P.M.
परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–10.05.2026 समय–5:00 P.M.
हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक–28.05.2026 समय–5:00 P.M.

3. विज्ञापन संख्या–12/2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।
4. उपरोक्त सुविधा केवल दिनांक–18.02.2026 तक Doctor of Pharmacy (Pharm.D) की डिग्री धारित करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ही उपलब्ध है। अन्य अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित आवेदन स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
5. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. 8929883832 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।
6. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।